छात्रावास एवं कोचिंग सेंटर के आसपास आसमाजिक तत्वों पर रखी जाएगी नजर

नवभारत न्यूज

रीवा, 6 अगस्त, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह केद्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई. इस बैठक में लंबित अपराधों, जघन्य वारदातों, महिला अपराधों, गैंग गतिविधियों आदि की गहन समीक्षा की गई.

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि थानों में लंबित अपराधों, चालान एवं वाहन जब्ती की सूची बनाकर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के माध्यम से निराकरण शीघ्र कराएं. पीपीटी के माध्यम से ऑनलाइन समन वारंट तामीली की स्थिति की जानकारी दी गई और अधिक से अधिक तामीली सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए. शहर में हो रही चोरी, नकबजनी, लूट, गोलीकांड जैसी घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए चर्चा की गई. महिला अपराधों एवं बालिकाओं से संबंधित अपराधों को अति गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि चोरी, लूट, गोली चलने, नकबजनी एवं हिस्ट्रीशीटर आरोपियों की जानकारी एकत्र कर उनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए. रात्रि गश्त को प्रभावी बनाया जाए. लंबित पॉक्सो अपराध, गुंडा एक्ट, सीएसपीओ एक्ट, जिला बदर, गुम इंसान, बालिकाओं की दस्तयाबी, अवैध शराब, हथियारों की धरपकड़ व नशीले पदार्थों की तस्करी पर विशेष अभियान चलाया जाए. शिक्षण संस्थानों, कोचिंग सेंटर्स, बालिका छात्रावासों के आसपास अराजक तत्वों पर नजर रखी जाए.

अवैध होर्डिंग-बैनर लगाने पर नगर निगम ने काटा दुकानों का चालान

एक दिन में चालान से मिले 50 हजार, अवैध होर्डिंग-बैनर को लेकर सख्त हुआ नगर निगम, जारी रहेगी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

रीवा, 6 अगस्त, शहर के अंदर जगह-जगह दुकानो में लगी अवैध होर्डिंग और बैनर को हटाने की कार्यवाही नगर निगम ने की और एक दिन में 50 हजार की चालानी कार्यवाही की गई. भगवानदास ज्वेलर्स सहित कई बड़े प्रतिष्ठानो का चालान काटा गया और नियम का उल्लंघन न करने की हिदायत दी गई.

उल्लेखनीय है कि शहर के अंदर अवैध होर्डिंग और बैनर लगाए गए है जो की नियम का खुला उल्लंघन है. कई दुकानदार तो पंजीयन कराने के बाद भी कई होर्डिंग और बैनर लगाए हुए है. नगर निगम अब इसको लेकर सख्त हो गया है. कई प्रतिष्ठानो में पहुंचकर दल ने चालान की कार्यवाही की है. शहर में म. प्र. आउटडोर विज्ञापन मीडिया

नियम 2017 को प्रभावी बनाने हेतु नगर निगम की टीम द्वारा शिल्पी प्लाज़ा बाजार क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया. इस दौरान जगह-जगह दुकानों पर लगे अवैध होर्डिंग और बैनरों को हटाया गया तथा चालानी कार्रवाई की गई. इस दौरान कुल 50,000 की चालानी कार्रवाई की गई. जिन प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई, उनमें प्राची वस्त्रलोक पर राशि 11800, भगवान दास ज्वेलर्स पर राशि 11800 एवं हनुमान ज्वेलर्स पर राशि रुपए 20678 एवं अन्य पलक ऑप्टिकल, शिवाय मोबाइल, गुलाब मेंस वियर, प्रेम कंप्यूटर आदि शामिल हैं. यह कार्रवाई सहायक आयुक्त शीतल भलावी के नेतृत्व में अतिक्रमण टीम द्वारा विशेष अभियान चलाकर की गई. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई दुकानदारों व संस्थानों ने अपने प्रतिष्ठानों के बाहर अवैध बैनर व होर्डिंग लगाए थे, जिससे न केवल आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी, बल्कि शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण भी प्रभावित हो रहा था. अधिकारियों द्वारा संबंधित प्रतिष्ठानों को समझाइश दी गई है कि भविष्य में यदि अवैध होर्डिंग या बैनर लगाए गए, तो म. प्र. आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के अंतर्गत प्रतिदिन जुर्माना लगाया जाएगा, साथ ही सख्त रूप से वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी.

अगर इस तरह कार्यवाही नगर निगम करता रहे तो जुर्माने से अच्छा खासा राजस्व नगर निगम को प्राप्त हो सकता है. नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे विज्ञापन हेतु पंजीकरण कराएं और बिना अनुमति किसी भी स्थल पर होर्डिंग या बैनर, पोस्टर न लगाएं और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें. कार्रवाई के दौरान निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे.

नगर निगम ने चार दुकानों पर की तालाबंदी

नगर निगम की बड़े बकायादार, व्यापारियों पर कड़ा रूख अपनाते हुये तालाबंदी की कार्यवाही निरंतर जारी है. इस क्रम में नगर निगम जोन क्रमांक 04 अंतर्गत वार्ड 26 के भवन क्रमांक 766/4 आनंद पंजवानी पिता नानक राम पर राशि 40730=00 रुपए बकाया जमा न करने पर 4 दुकानों पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई. वार्ड 26 भवन क्रमांक 892 मनोज कुमार तिवारी पिता जगदीश प्रसाद तिवारी द्वारा मौके पर चेक के माध्यम से राशि 91370=00 रुपए प्राप्त किया गया एवं वार्ड 42 भवन क्रमांक 482 चौरसिया आयरन द्वारा बकाया राशि 25000=00 का चेक तत्काल मौके पर जमा किया गया. निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि बडे बकायादार जो समय पर भुगतान नही करेंगे, तालाबंदी की कार्यवाही निरंतर चलती रहेगी.

उप संचालक कृषि ने 13 खाद-बीज विक्रेताओं को दिया नोटिस

नवभारत न्यूज

रीवा, 6 अगस्त, राजस्व अधिकारियों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा खाद-बीज की बिक्री की लगातार निगरानी की जा रही है.

अधिकारियों द्वारा दुकानों के निरीक्षण में मिली अनियमितताओं के प्रतिवेदन के आधार पर उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने 13 खाद-बीज विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस दिया है. इन सभी विक्रेताओं को दुकान का लाइसेंस निलंबित करने तथा एफआईआर दर्ज कराने का नोटिस दिया गया है. निरीक्षण के दौरान एक्सपायर डेट की खाद मिलने, खाद की मात्रा तथा बिक्री के अनुसार भण्डार का मिलान न होने एवं दुकानदार द्वारा खाद और बीज की बिक्री के संबंध में दस्तावेज उपलब्ध न कराने पर नोटिस दिया गया है.

संतोषजनक जवाब न मिलने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी. उप संचालक कृषि ने मेसर्स प्रिंस खाद भण्डार बैकुण्ठपुर, एसके ट्रेडर्स सेमरिया, किसान सेवा केन्द्र मनिकवार, गुप्ता खाद भण्डार गुढ़, रोहिणी खाद एवं बीज भण्डार लालगावं, ज्योति गुप्ता खाद-बीज भण्डार लालगांव तथा सीताराम किराना स्टोर गुढ़ को नोटिस दिया है. उप संचालक ने कमलाकर ट्रेडर्स मझगवां विकासखण्ड त्योंथर, पाण्डेय खाद-बीज भण्डार त्योंथर, अनिल खाद भण्डार सेमरिया, दीपक ट्रेडर्स जवा, किसान कृषि सेवा केन्द्र जवा तथा मोहन कृषि बीज भण्डार गुढ़ को नोटिस दिया है.

लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें

नवभारत न्यूज

रीवा, 6 अगस्त, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं.

कलेक्टर ने कहा है कि सभी अधिकारी 100 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों तथा समाधान ऑनलाइन के आवेदनों पर तत्परता से कार्यवाही करें.

निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रथम सूचना रिपोर्ट, बिजली बंद होने तथा वोल्टेज की समस्या, ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई, जल निकासी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना शामिल हैं. कलेक्टर ने कहा कि समय पर बिन्दुओ का निराकरण करे.

संक्षिप्त

हर घर तिरंगा अभियान को जनआंदोलन बनाएं : शुक्ल



रीवा. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि हम सबका सौभाग्य है कि हम भारत माता की सेवा कर रहे हैं, और इस सेवा का सबसे बड़ा प्रतीक है हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए हर घर तिरंगा अभियान ने पूरे देश को एक सूत्र में बाँधने का काम किया है. इस वर्ष भी 2 से 15 अगस्त तक हम सब मिलकर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं और इस अभियान को जनआंदोलन बनाएँ. तिरंगे के साथ सेल्फी लें और अपलोड करें. यह सिर्फ एक भागीदारी नहीं, बल्कि माँ भारती के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा का संकल्प है. हर घर पर तिरंगा लगाना, राष्ट्र के प्रति हमारी एकजुटता, निष्ठा और प्रेम की अभिव्यक्ति है. इस राष्ट्रीय पर्व पर हम सभी अपने घरों पर तिरंगा लगाएं, दूसरों को भी प्रेरित करें और इस महाअभियान को पूरे प्रदेश और देश में फैलाएं.

अधिकारी निर्धारित रोस्टर के अनुसार निरीक्षण करें

रीवा. कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित विभागीय रोस्टर के अनुसार कार्यालयों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं. कमिश्नर ने कहा है कि अधिकारी रोस्टर बनाकर जिला और विकासखण्ड स्तर के कार्यालयों का निरीक्षण करें. राजस्व अधिकारी अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करके प्रकरणों के निराकरण की जानकारी लें. निरीक्षण के बाद प्रतिवेदन तैयार कर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें. अधीनस्थ कार्यालयों के रोस्टर निरीक्षण तथा पालन प्रतिवेदन की हर माह समीक्षा की जाएगी. कमिश्नर ने कहा कि कलेक्टर कार्यालय सिंगरौली का 7 अगस्त और 8 अगस्त को निरीक्षण करके निरीक्षण दल द्वारा प्रस्तुत टीप का सत्यापन किया जाएगा. सिंगरौली जिले के संबंधित अधिकारी अद्यतन जानकारी के साथ कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें.

प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन की बैठक कल

रीवा. प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन जिला रीवा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उप प्रान्ताध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया है कि 08 अगस्त को संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड रीवा में दोपहर 1 बजे से बैठक आयोजित की गई है. बैठक में आगामी दिनांको में आयोजित मांगो का ज्ञापन सौपने के विषय में चर्चा की जाकर रूपरेखा तैयार की जावेगी. अतः पेंशनर्स साथियों से अपील है कि उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे. तहसील ब्लाक शाखाओ के पदाधिकारियों से भी बैठक में उपस्थित की अपील की गई है.

वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह

रीवा. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने वर्षा ऋतु में मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग से होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह दी है. वर्षाकाल में दूषित जल के सेवन से टाइफाइड, पीलिया, डायरिया, पेचिस एवं हैजा जैसी बीमारियां फैलती हैं. अतः भोजन बनाने एवं पेयजल के उपयोग में शुद्ध उबला हुआ जल का उपयोग करें. कुछ भी खाने के पहले व शौच के पश्चात साबुन से अवश्य हाथ धोयें. शुद्ध पेयजल की कमी के कारण देश में जलजनित रोगों से सबसे अधिक यानि लगभग 80 प्रतिशत मौतें होती हैं. पानी और अस्वच्छ आदतों से फैलने वाली बीमारियों में मोटे तौर पर दस्त, कृमि संक्रमण, त्वचा और आंखों के रोग, मच्छरों एवं मक्खियों से फैलने वाले रोग सम्मिलित हैं. बच्चों में दूषित पानी और खाद्य पदार्थों के कारण उल्टी-दस्त का प्रकोप अधिक गंभीर रूप धारण कर सकता है. सड़े-गले फल एवं खाद्य पदार्थो का उपयोग न करें. खुले में शौच न करें एवं शौचालय का उपयोग करें.

जिले में अब तक 575 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

रीवा. जिले में एक जून से अब तक 575.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है. इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि एक जून से अब तक तहसील हुजूर में 711.9 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 528 मिलीमीटर, गुढ़ में 829 मिलीमीटर, सिरमौर में 519.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 539 मिलीमीटर, सेमरिया में 531 मिलीमीटर, मनगवां में 572 मिलीमीटर तथा जवा में 374 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी. गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 276.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी.

उपलब्ध खाद किसानों को वितरित कराई गई

नवभारत न्यूज

रीवा, 6 अगस्त, जिले में उपलब्ध खाद का किसानों को वितरण किया जा रहा है.

उप संचालक कृषि कल्याण ने बताया कि गतदिवस एस डी एम राजस्व अनुविभागीय कृषि अधिकारी त्योथर मऊगंज एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड गंगेव द्वारा संयुक्त रूप से रामगोपाल गुप्ता मनगवां को 923 बोरी एवं रेखा खाद भंडार मनगवां 93 बोरी खाद उचित दर पर मे कृषको को दी गयी. इसी प्रकार एस डी एम राजस्व एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड गंगेव के संयुक्त दल द्वारा रामगोपाल गुप्ता मनगवां द्वारा यूरिया खाद 1020 बोरी, संस्कार खाद बीज भण्डार मनगवां द्वारा यूरिया खाद 24 बोरी, मानसी खाद बीज भण्डार मनगवां यूरिया खाद 100 बोरी, राधे राधे खाद बीज भण्डार चंदेह द्वारा यूरिया खाद 30 बोरी उचित दर पर कृषकों को वितरित की गई. यूरिया खाद का वितरण किया गया.

मानिकपुर से लाया जा रहा तीन क्विंटल मावा किया गया जब्त

नवभारत न्यूज

रीवा, 6 अगस्त, कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल के निर्देश पर रक्षा बंधन त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए मिष्ठान प्रतिष्ठानों कारखानों एवं रीवा क्षेत्र में बाहर जाने वाले मावे एवं मिल्क केक की जाँच के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विशेष अभियान आरंभ किया गया है.

जाँच के दौरान प्रभू डेयरी एवं स्वीट्स रतहरा बाईपास से मावा दही एवं दूध, पयोर मिल्क डेरी स्वीट्स पडरा से पनीर एवं दही,

कृष्णा डेयरी एवं स्वीट्स शांति बिहार कॉलोनी से दूध बिस्किट, शगुन डेरी कुठुलिया से दूध एवं दही, द्विवेदी मिष्ठान भंडार न्यू बस स्टैंड से बर्फ़ी एवं समोसा ,कृपा स्वीट्स पीटीएस चौराहा से मिल्क केक के नमूने जाँच हेतु भेजे गए हैं.

सभी प्रतिष्ठानों में निरीक्षण के दौरान स्वच्छता की कमी पाए जाने से संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी निर्देश दिए गए हैं. इसी प्रकार गंगेव स्थित संध्या स्वीट्स में संदेहास्पद मिल्क केक एवं बर्फ़ी पाए जाने पर समस्त मिठाइयों को नष्ट कराया गया. त्योहार के समय रीवा में मानिकपुर की ओर से रेल एवं प्राइवेट गाड़ियों की सहायता से अमानक मावे की आवक की शिकायत प्राप्त होने पर पकड़ने के प्रयास किए जा रहे है.

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में मानिकपुर उत्तर प्रदेश से रीवा में खपाने के लिए लाया जा रहा तीन क्विंटल संदेहास्पद मावा ज़ब्त किया गया. यह सामग्री मातादीन व्यापारी की है जो मानिकपुर चित्रकूट निवासी है और रीवा में मावा भेजते हैं. लगातार कार्यवाही जारी रहेगी. अमानक मिलने पर प्रकरण दर्ज होगा.

तहसीलदार-नायब तहसीलदारों ने बंद किया कामकाज

नवभारत न्यूज

रीवा, 6 अगस्त, मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संगठन के आह्वान पर जिले के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं. हालाकि उनका कहना है न तो हम हड़ताल पर है और न ही अवकाश पर,

आपदा प्रबंधन के अलावा कोई कार्य नही किया जायेगा. जिले के प्रशासनिक अधिकारी आज से काम बंद कर कलेक्टर कार्यालय परिसर

में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं. इस हड़ताल के कारण जिले की राजस्व अदालतें प्रभावित हुई हैं. सभी कामकाज ठप हो गए हैं. संगठन का कहना है कि जो कार्य विभाजन किया गया है उससे वह नाखुश है. संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में वेतनमान में सुधार शामिल है. पदोन्नति के अवसर बढ़ाना और काम के बढ़ते बोझ को कम करना भी उनकी मांगों में है.

उन्होंने कहा कि लंबे समय से उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है. इस हड़ताल से आम जनता को काफी परेशानी हो रही है. राजस्व से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य रुक गए हैं. भूमि संबंधी विवाद, आय प्रमाण पत्र आदि कार्य प्रभावित है.

रीवा संभाग में अब तक 809 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

नवभारत न्यूज

रीवा, 6 अगस्त, रीवा संभाग में एक जून से अब तक 809.17 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है.

संभाग में इस अवधि में रीवा जिले में 575.6 मिली मीटर, सतना में 703.2 मिली मीटर, मैहर में 714.5 मिली मीटर, मऊगंज में 1130.6 मिली मीटर, सीधी में 905 मिली मीटर तथा सिंगरौली जिले में 825.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है. गत वर्ष इसी अवधि में संभाग में 489.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. संभाग में सिंचाई के प्रमुख स्त्रोत बाणसागर बांध में 6 अगस्त को सुबह 8 बजे तक जल स्तर 340.54 मीटर तक पहुंच गया है. गत वर्ष 6 अगस्त तक इसका जल स्तर 336.5 मीटर पर था. बांध में 86 प्रतिशत जल भराव हो गया है और अभी पानी आ रहा है.

स्वतंत्रता दिवस को लेकर अपर मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

रीवा, 6 अगस्त, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 15 अगस्त को मनाये जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की आवश्यक तैयारियों के संबंध में निर्देश दिये.

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जी के संदेश का सजीव प्रसारण समारोह में किया जायेगा. सजीव प्रसारण प्रातः 9.25 बजे से आरंभ होगा. उन्होंने प्रसारण के लिए जिलों में समारोह स्थल में एलईडी व अन्य व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये. अपर मुख्य सचिव ने कहा कि 15 अगस्त से पूर्व सजीव प्रसारण का रिहर्सल कर लिया जाय.

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के संदेश में स्थानीय उपलब्धियों को भी शामिल किया जायेगा. वीडियों कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी में कमिश्नर बीएस जामोद, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय तथा कलेक्ट्रेट एनआईसी में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह मौजूद रहे.

रीवा-प्रयागराज मार्ग पर अवैधानिक रूप से खड़े 36 ट्रकों का चालान

नवभारत न्यूज

रीवा, 6 अगस्त, रीवा कलेक्टर के आदेशानुसार परिवहन विभाग ने रीवा-प्रयागराज मार्ग पर सड़क किनारे अवैधानिक रूप से खड़े ट्रकों के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है.

36 अवैधानिक रूप से खड़े ट्रको के चालान काटे गये. इस मार्ग पर अवैध रूप से पार्क किए गए भारी वाहनों के कारण यातायात व्यवधान और सड़क हादसों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए, परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा ने विशेष अभियान चलाकर

चालानी कार्रवाई की है. रीवा आरटीओ के अधिकारियों ने बताया कि रतहरा,मनगवा कटरा सोहागी जैसे व्यस्त क्षेत्रों में ट्रकों और भारी वाहनों का सड़क किनारे अवैध पार्किंग न केवल यातायात को बाधित करता है, बल्कि हादसों का कारण भी बनता है.

इस अभियान के तहत, नियमों का उल्लंघन करने वाले ट्रक चालकों पर जुर्माना लगाया गया और कई वाहनों को जब्त किया गया. स्थानीय रहवासियों ने बताया की, सड़क किनारे खड़े ट्रकों की वजह से आए दिन जाम की स्थिति बनती थी. यात्रा करना आसान और सुरक्षित होगा. परिवहन सुरक्षा स्क्वाड ने आरटीओ रीवा के निर्देशन में यह चालानी कार्रवाई की.

भोपाल से रीवा के लिए स्पेशल रक्षाबंधन ट्रेन चलेगी

नवभारत न्यूज

रीवा, 6 अगस्त, भोपाल से रीवा के बीच रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन चलेगी. 8 अगस्त की शाम को भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से यह रवाना होगी. वहीं, 9 अगस्त की सुबह रीवा से भोपाल के लिए लौटेगी.

यात्रियों की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे ने रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति के मध्य एक-एक ट्रीप की एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. शुक्रवार, 8 अगस्त की शाम 7.35 बजे रानी कमलापति स्टेशन से ट्रेन रवाना होगी. सुबह 4.48 बजे मैहर, सुबह 5.15 बजे सतना और रीवा में सुबह 6.20 बजे पहुंचेंगी. शनिवार, 9 अगस्त की सुबह 7.35 बजे रीवा स्टेशन से ट्रेन रवाना होगी. सुबह 8.35 बजे सतना, सुबह 9 बजे मैहर, सुबह 10.45 बजे कटनी मुड़वारा, दोपहर 12.30 बजे दमोह, दोपहर 1.45 बजे सागर, शाम 4 बजे बीना, शाम 5.08 बजे विदिशा और शाम 7.20 बजे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर पहुंचेंगी.

इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित, शयनयान और सामान्य श्रेणी के कोच शामिल रहेंगे. ताकि, सभी वर्ग के यात्रियों को आरामदायक यात्रा की सुविधा मिल सकेगी. यह ट्रेन दोनों दिशाओं में विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहरते हुए गंतव्य तक जाएगी. रक्षा बंधन स्पेशल ट्रेन चलाए जाने से विंध्य के लोगो को राहत मिलेगी और रेवांचल पर भी दबाव कम होगा.

कांग्रेस के जिला संगठन प्रभारी आज लेंगे बैठक

नवभारत न्यूज

रीवा, 6 अगस्त, जिले की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को पूरा कर पाने में विफल शासन-प्रशासन के विरोध में रीवा जिला कांग्रेस कमेटी का सत्याग्रह अब 12 अगस्त को होगा.

11 अगस्त को आयोजित न्याय सत्याग्रह कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से अब 12 अगस्त 2025 को पूर्ववत पद्मधर पार्क रीवा में सुबह 11:00 बजे से आयोजित होगा. न्याय सत्याग्रह में देश प्रदेश व संभाग तथा जिले के वरिष्ठ नेतागण शिरकत करेगें. कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए रीवा जिले के संगठन प्रभारी पूर्व विधायक संजय शर्मा संजू आज 07 अगस्त को दोपहर 12:00 बजे उर्रहट स्थित कांग्रेस कार्यालय में बैठक लेगे.